

# UNIVERSITY NEWS 13 FEBRUARY 2025

AMAR UJALA

## सतर्कता रिपोर्ट पर मिलेगी पदोन्नति

रविशंकर गुप्ता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षकों के प्रमोशन पर सख्ती बढ़ा दी गई है। अब करियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के तहत होने वाली पदोन्नति से पहले सतर्कता अधिकारी की जांच रिपोर्ट अनिवार्य कर दी गई है। रिपोर्ट 'ओके' होने पर ही शिक्षकों को प्रमोशन मिल सकेगा।

कुलपति के निर्देश पर विवि की कुलसचिव भावना मिश्रा को सतर्कता अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत यदि किसी शिक्षक के खिलाफ जांच लंबित है या पूर्व में किसी प्रकार की कार्रवाई हुई है, तो प्रमोशन की प्रक्रिया आसान नहीं होगी। प्रमोशन से पहले सतर्कता अधिकारी की ओर से सभी मामलों की जांच की जाएगी। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

विवि में किसी भी शिक्षक के खिलाफ दर्ज शिकायत, विभागीय जांच या मुकदमे की स्थिति का परीक्षण सतर्कता जांच में किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद ही प्रमोशन पर निर्णय लिया जाएगा।

पदोन्नति से पहले यह भी देखा जाएगा कि शिक्षक ने निर्धारित अवधि में कितने घंटे अध्यापन कार्य किया है। इस संबंध में तैयार रिपोर्ट सतर्कता अधिकारी को सौंपी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर विद्यार्थियों से फीडबैक भी लिया जा सकेगा।

राज्य सरकार का 2016 का शासनादेश सभी विश्वविद्यालयों में लागू होना था, लेकिन किसी कारणवश विश्वविद्यालय में इसे अब तक लागू नहीं किया गया था। (संवाद)

### लविवि में नई व्यवस्था... कुलसचिव भावना मिश्रा बनीं सतर्कता अधिकारी

"विश्वविद्यालय में शिक्षकों की प्रमोशन प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी की जा सके, इसके लिए यह व्यवस्था लागू की गई है।
- **प्रो. जेपी सैनी,** कुलपति, लविवि



कुलसचिव भावना मिश्रा।

### कार्यपरिषद की बैठक में निर्णय नियम विरुद्ध बने सभी पद भंग

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अलग-अलग सेल में नियम विरुद्ध बने सभी पदों को भंग कर दिया गया है। इस संबंध में कार्यपरिषद की बैठक के बाद कुलसचिव भावना मिश्रा ने बृहस्पतिवार को आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक विवि में बनी रिसर्च सेल, रिक्रूटमेंट व प्लेसमेंट सेल, एकेडमिक सेल, निदेशक नवीन परिसर, अधिष्ठाता, प्रवेश अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद के गठन के संबंध में सभी पदों को निरस्त माना जाएगा। इन सभी पदों पर शिक्षकों की तैनाती तत्कालीन कुलपति के कार्यकाल में की गई थी।

विवि के अधिकारियों के मुताबिक ये तैनाती नियम विरुद्ध थी। इस बारे में कुलसचिव भावना मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में कुलाधिपति की ओर से विश्वविद्यालय परिनियामावली में संशोधन पर भी कोई सहमति नहीं दी गई है। ऐसे में विश्वविद्यालय में बनी सभी सेल के लिए बने पदों को खत्म कर दिया गया है। इन सभी पदों पर अधिष्ठाताओं के कामों का आवंटन या फिर अन्य अधिकारियों से काम कराए जाने का निर्णय कुलपति की ओर से लिया जाएगा। (संवाद)

"विश्वविद्यालय में गठित सभी सेलों में जिन पदों के नाम से लोग काम कर रहे थे उन पदों के नाम को खत्म किया गया है, लेकिन काम नहीं प्रभावित होगा।
- **डॉ. मुकुल श्रीवास्तव,** प्रवक्ता, लविवि

HINDUSTAN

## अधिष्ठाता प्रवेश सहित अन्य पद स्थगित

**LUCKNOW:** एलयू ने रिसर्च सेल, एकेमिक सेल, निदेशक नवीन परिसर, अधिष्ठाता प्रवेश, रिक्रूटमेंट एंड असेसमेंट व अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद के पदों को स्थगित कर दिया है. कार्य परिषद में हुए इस निर्णय के बाद कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने आदेश जारी किया. कहा गया है कि इन सेल, अधिष्ठाता व निदेशक के पदों के गठन के प्रविधान पर कुलाधिपति की ओर से विश्वविद्यालय परिनियमावली में संशोधन पर अभी तक सहमति नहीं मिली. ऐसे में इन पदों को स्थगित कर दिया गया. कार्य परिषद ने इन अधिष्ठाताओं को आवंटित कार्य अन्य अधिकारियों को आवंटित किए जाने के लिए वीसी को अधिकृत किया गया.

AMRIT VICHAR

## एनआईआरएफ रैंकिंग प्रशिक्षण कार्यशाला 17 को

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी 17 फरवरी को एनआईआरएफ रैंकिग को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में उच्च शिक्षा संस्थानों को रैंकिंग पद्धति के बारे में प्रशिक्षित करना है ताकि अधिक से अधिक महाविद्यालय राष्ट्रीय रैंकिंग में भाग लें और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। यह कार्यशाला सरकारी व सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के लिए आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में डॉ. अनिल कुमार नस्सा, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड, कार्यशाला में ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे।

## कानून और न्याय के बीच विमर्श जरूरी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी व आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. राममनोह लोहिया राष्ट्रीय विधिक विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह ने लॉ एंड लिट्रेचर : अंतर्विषयक शोध एवं संवाद पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि कानून और न्याय के बीच समझौता और समन्वय की सीमा पर चर्चा और विमर्श जरूरी है। उन्होंने विधि और साहित्य के अंतर्संबंधों पर केंद्रित अंतर्विषयक शोध- परिप्रेक्ष्य को ऐतिहासिक और समकालीन संदर्भों के साथ समझाया। कार्यशाला की आयोजक समिति विभागाध्यक्ष प्रो. नाज़नीन खान, प्रो. आरपी सिंह, प्रो. राजेश बाबू शर्मा, प्रो. तारीक, डॉ. राज गौरव, डॉ. परिधि किशोर, डॉ. भारती रॉय समेत पोस्ट ग्रैजुएट और शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया।

HINDUSTAN

## ऑनलाइन कोर्स की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन (एलयूसीओडीई) में शैक्षिक सत्र जनवरी-फरवरी 2026 के तहत 11 ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका एडमिशन ब्रोशर जारी कर दिया है।

अभ्यर्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एलयूसीओडीई के लिंक पर जाकर पंजीकरण कर सकेंगे। पंजीकरण से पूर्व अभ्यर्थियों को यूजीसी की वेबसाइट के माध्यम से डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) पोर्टल पर पंजीकरण कराकर एबीसी आईडी बनाना अनिवार्य होगा। सेंटर के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि सत्र जनवरी-फरवरी 2026 के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में बीकॉम, एमकॉम मार्केटिंग, एमकॉम फाइनेंस एंड अकाउंटिंग, एमए अंग्रेजी, एमए अर्थशास्त्र, एमए संस्कृत, एमए राजनीति विज्ञान, मास्टर आफ सोशल वर्क, बीबीए और एमबीए फाइनेंशियल मैनेजमेंट व एमबीए मार्केटिंग में प्रवेश लिए जाएंगे। एलयू की निर्धारित आर्हता पूरी करने वाले नौकरी पेशा से व कोई भी प्रवेश ले सकते हैं। www.luonlineeducation.in में आवेदन करें।



■ आवेदन शुल्क 250 रुपये तय

| कोर्स | ट्यूशन फीस | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| बीकॉम | 5,000 | 1,750 |
| बीबीए | 5,000 | 4,000 |
| एमकॉम | 8,000 | 2,000 |
| एमबीए | 25,000 | 4,000 |
| एमए अर्थशास्त्र | 8,000 | 2,000 |
| एमए अंग्रेजी | 8,000 | 2,000 |
| एमएसडब्ल्यू | 8,000 | 2,000 |
| एमए राजनीति विज्ञान | 8,000 | 2,000 |
| एमए संस्कृत | 8,000 | 2,000 |

HINDUSTAN

## व्याख्यानः व्यवस्था को प्रभावित कर रहा एआई

लखनऊ। एलयू के समाजशास्त्र विभाग की ओर से डीपी मुखर्जी सभागार में सामाजिक दृष्टि से कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समाजशास्त्रीय आयामों तथा इसके समाज, संस्कृति, शासन और दैनिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाना था। वक्ता नई दिल्ली पब्लिक एक्शन के रिसर्च निदेशक व प्रोफेसर डॉ. ए. प्रभाहरण ने कहा कि एआई केवल एक तकनीकी प्रगति नहीं है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक शक्ति है जो संस्थाओं, असमानताओं, शासन व्यवस्था और डिजिटल जीवन को प्रभावित कर रही है।

NBT

## LU में ऑनलाइन कोर्स के लिए आवेदन शुरू



■ **NBT न्यूज, लखनऊः** एलयू के सेंटर फॉर ऑनलाइन ऐंड डिस्टेंस एजुकेशन (एलयूसीओडीई) में शैक्षिक सत्र जनवरी-फरवरी 2026 के तहत 11 ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एलयूसीओडीई के लिंक पर जाकर पंजीकरण कर सकेंगे। पंजीकरण से पूर्व अभ्यर्थियों को यूजीसी की वेबसाइट के माध्यम से डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) पोर्टल पर पंजीकरण कराकर एबीसी आईडी बनाना अनिवार्य है।

सेंटर के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि सत्र जनवरी-फरवरी 2026 के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में बीकॉम, एमकॉम मार्केटिंग, एमकॉम फाइनैंस ऐंड अकाउंटिंग, एमए अंग्रेजी, एमए अर्थशास्त्र, एमए संस्कृत, एमए राजनीति विज्ञान, मास्टर आफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू), बीबीए और एमबीए फाइनेंशियल मैनेजमेंट व एमबीए मार्केटिंग में प्रवेश लिए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों में एलयू की निर्धारित आर्हता पूरी करने वाले नौकरी पेशा से लेकर कोई भी अभ्यर्थी प्रवेश ले सकते हैं। आवेदन शुल्क 250 रुपये तय किया गया है। उसके बाद एलयू की वेबसाइट https://www.luonlineeducation.in/ के जरिए आवेदन करना होगा।

### भाषा विवि में 10 मार्च को होगी असिस्टेंट प्रफेसर की भर्ती परीक्षा

■ **NBT न्यूज, लखनऊः** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय मे 10 मार्च को असिस्टेंट प्रफेसर (संविदा) पद पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिविल इंजिनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजिनियरिंग की परीक्षा सुबह 11:30 बजे से 12:30 बजे तक कक्ष संख्या 101 मे होगी। वहीं बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षा इसी समय कक्ष संख्या 143 मे संपन्न होगी। कॉमर्स विषय की परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कक्ष संख्या 143 मे आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियो से अपील की है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं तथा अपने साथ प्रवेश पत्र एवं वैध फोटो पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाएं।